# कार्यपालक अभियन्ता (यॉँत्रिक) का कार्यालय
## सिंचाई यॉँत्रिक प्रमंडल, समस्तीपुर ।

**E- mail ID :- eeimd.samastipur@gmail.com**

पत्रांक :...474.../समस्तीपुर दिनांक:...08.../...06.../2026

प्रेषक :–

ई0 आलोक कुमार शर्मा
कार्यपालक अभियन्ता (यॉँ0)
सिंचाई यॉँत्रिक प्रमंडल, समस्तीपुर ।

सेवा में,

सूचना एवं जन सम्पर्क पदाधिकारी,
जल संसाधन विभाग बिहार, पटना।

विषयः– अल्पकालीन ई–पुनर्निविदा आमंत्रण सूचना संख्या :– 01/2026–27 के ग्रुप सं0 01 का तकनीकि बीड के निर्णय को विभागीय बेवसाईट पर प्रकाशन के संबंध में।

प्र सं गः– अधीक्षण अभियंता(यॉँ0), सिंचाई यॉँत्रिक अंचल मुजफ्फरपुर का ज्ञापांक 891 दिनांक 04.06.2026

महाशय,

उपर्युक्त विषयक प्रासंगिक पत्र के संदर्भ में कहना है कि अल्पकालीन ई– पुनर्निविदा आमंत्रण सूचना संख्या :– 01/2026–27 के ग्रुप सं0 01 का तकनीकि बीड की स्वीकृति हेतु मुख्य अभियंता(यॉँ0), जल संसाधन विभाग, पटना के स्तर पर आयोजित निविदा निष्पादन समिति द्वारा तकनिकी बीड के निर्णय को विभागीय बेवसाईट पर प्रकाशन हेतु समर्पित की जाती है।

अतः अनुरोध है कि उक्त तकनीकि बीड के निर्णय को विभागीय बेवसाईट पर शीघ्र प्रकाशित करवाने की कृपा की जाय।

अनु0ः–यथावत्।

विश्वासभाजन

Alok Kr. Sharma 8/6/2026

कार्यपालक अभियन्ता (यॉँत्रिक)
सिंचाई यॉँत्रिक प्रमंडल, समस्तीपुर ।

## दिनांक–03.06.2026 को मुख्य अभियंता यॉंत्रिक जल संसाधन विभाग पटना के स्तर पर आयोजित निविदा समिति की बैठक की कार्यवाही–

दिनांक–03.06.2026 को सिंचाई यॉंत्रिक प्रमंडल, समस्तीपुर के अधीन अल्पकालीन पुनर्निविदा आमंत्रण सूचना संख्या–01/2026–27 के ग्रुप संख्या–01 के एकल तकनीकी बीड पर निर्णय हेतु मुख्य अभियंता यॉंत्रिक, जल संसाधन विभाग, पटना स्तर पर गठित समिति की बैठक सम्पन्न की गई।

1. **बैठक में उपस्थित पदाधिकारीगण:–**

| | | |
|---|---|---|
| 1. इं0 शम्स परवेज | – | मुख्य अभियंता यॉंत्रिक, जल संसाधन विभाग पटना |
| 2. इं0 निहारिका स्वराज | – | अधीक्षण अभियंता यॉंत्रिक, रूपांकण एवं मोनिटरिंग, मुख्य अभियंता यॉंत्रिक कार्यालय |
| 3. इं0 अभय कुमार चंदन | – | अधीक्षण अभियंता, यॉंत्रिक, सिंचाई यॉंत्रिक अंचल, मुजफ्फरपुर |
| 4. इं0 जयंत | – | कार्यपालक अभियता यॉंत्रिक, सिंचाई यॉंत्रिक मोनिटरिंग एवं डिजाइन प्रमंडल, पटना |
| 5. इं0 आलोक कुमार शर्मा | – | कार्यपालक अभियंता यॉंत्रिक, सिंचाई यॉंत्रिक प्रमंडल, समस्तीपुर |

2. **निविदा की विवरणी:–**

| | | |
|---|---|---|
| i | कार्य का नाम:– | Supply/Fabrication/Fixingn/Repair work of 13 Vent AFS Gate at Bariyahighat (27.5 km), Surullawaha (44.33 km), Kolhatta (46 km), Jahangirpur (52.2 km), Mamurpur (59.7 km), Bhagaut (64.5 km), Sakawa (70.2 km), Morel (Bakhari 71.9 Km) at Hayaghat Karachin Right Embankment FCD Hathauri, District Samastipur. |
| ii | प्रमंडल का नाम:– | सिंचाई यॉंत्रिक प्रमंडल, समस्तीपुर |
| iii | पुनर्निविदा आमंत्रण सूचना संख्या:– | 01/2026–27 (ग्रुप संख्या–01) |
| iv | कार्य के परिमाण विपत्र की राशि:– | ₹ 28,45,815.00/– |
| v | निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी:– | कार्यपालक अभियंता यॉंत्रिक, सिंचाई यॉंत्रिक प्रमंडल समस्तीपुर |
| vi | निविदा आमंत्रण सूचना का प्रकाशन:– | हिन्दुस्तान, दिनांक–01.05.2026 |
| vii | निविदा की प्रक्रिया:– | E-Tendering |
| viii | निविदा प्राप्ति की तिथि:– | दिनांक 14.05.2026, 03.30 बजे अपराह्न तक |
| ix | प्राप्त निविदा की संख्या:– | 01 |
| x | प्रशासनिक स्वीकृति की राशि:– | विभागीय पत्रांक–966 दिनांक– 24.03.2026 से ₹ 344.79681 लाख प्राप्त (कुल–31 अदद कार्य हेतु) |

3. **समीक्षा:–**

अधीक्षण अभियंता, यॉंत्रिक, सिंचाई यॉंत्रिक अंचल, मुजफ्फरपुर द्वारा सिंचाई यॉंत्रिक प्रमंडल समस्तीपुर के अधीन अल्पकालीन पुनर्निविदा आमंत्रण सूचना संख्या–01/2026–27 के ग्रुप संख्या–01 का एकल तकनीकी बीड स्वीकृति हेतु मुख्य अभियंता यॉंत्रिक, जल संसाधन विभाग, पटना के कार्यालय को उपलब्ध कराया गया है।

इस कार्य के परिमाण विपत्र की राशि ₹ 28,45,815.00/– (अठाईस लाख पैतालीस हजार आठ सौ पन्द्रह रूपये) मात्र है। विभागीय पत्रांक–966 दिनांक–24.03.2026 द्वारा उक्त कार्य के साथ अन्य कार्य का ₹ 344.79681 लाख की प्रशासनिक स्वीकृति प्राप्त है।

इस कार्य हेतु सिंचाई यॉत्रिक प्रमंडल, समस्तीपुर के अधीन अल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना संख्या–14/2025–26 के ग्रुप संख्या–01 पूर्व में भी आमंत्रित किया गया था, जिसमें एक निविदादाता द्वारा भाग लिया गया एवं तकनीकी बीड में निविदादाता सफल पाये गये। प्रथम बार एकल निविदा प्राप्त होने के कारण अधीक्षण अभियंता, यॉत्रिक, सिंचाई यॉत्रिक अंचल, मुजफ्फरपुर के पत्रांक–456 दिनांक–16.03.2026 द्वारा इस कार्य हेतु पुनर्निविदा आमंत्रित करने हेतु कार्यपालक अभियंता यॉत्रिक, सिंचाई यॉत्रिक प्रमंडल, समस्तीपुर को निदेशित किया गया।

पुनः सिंचाई यॉत्रिक प्रमंडल, समस्तीपुर द्वारा इस कार्य हेतु अल्पकालीन पुनर्निविदा आमंत्रण सूचना संख्या–17/2025–26 के ग्रुप संख्या–01 आमंत्रित किये गये, जिसमें किसी भी निविदादाता द्वारा भाग नहीं लिया गया। अधीक्षण अभियंता, यॉत्रिक, सिंचाई यॉत्रिक अंचल, मुजफ्फरपुर के पत्रांक–719 दिनांक–22.04.2026 द्वारा पुनर्निविदा आमंत्रित करने हेतु कार्यपालक अभियंता यॉत्रिक, सिंचाई यॉत्रिक प्रमंडल, समस्तीपुर को निदेशित किया गया।

पुनः सिंचाई यॉत्रिक प्रमंडल, समस्तीपुर द्वारा इस कार्य हेतु अल्पकालीन पुनर्निविदा आमंत्रण सूचना संख्या–01/2026–27 के ग्रुप संख्या–01 आमंत्रित किये गये, जिसमें एक निविदादाता द्वारा भाग लिया गया। अधीक्षण अभियंता, यॉत्रिक, सिंचाई यॉत्रिक अंचल, मुजफ्फरपुर की अध्यक्षता में गठित तकनीकीबीड मूल्यांकन समिति की बैठक दिनांक–22.05.2026 को आहूत की गयी, जिसमें दूसरी बार एकल निविदा होने के फलस्वरूप विभागीय पत्रांक–3162(S) दिनांक–09.05.2016 के आलोक में एक स्तर ऊपर अर्थात मुख्य अभियंता यॉत्रिक, जल संसाधन विभाग, पटना के कार्यालय को अग्रेतर कार्रवाई हेतु उपलब्ध कराया गया है।

समिति द्वारा एकल निविदादाता के तकनीकी बीड की समीक्षा की गई। समीक्षोपरांत पाया गया कि एकल निविदादाता–मे० रमन इन्टरप्राईजेज, (प्रो०–रमन कुमार) मोहीदीनपुर हंसा, समस्तीपुर तकनीकी बीड के निर्धारित अहर्त्ता को पूरा करते हैं।

**समिति का निर्णय**

समिति द्वारा समीक्षोपरांत सिंचाई यॉत्रिक प्रमंडल, समस्तरीपुर के अल्पकालीन पुनर्निविदा आमंत्रण सूचना संख्या–01/2026–27 के ग्रुप संख्या–01 के द्वितीय बार एकल निविदा को ध्यान में रखते हुए कार्यहित में तथा पथ निर्माण विभाग, बिहार के पत्रांक–3162(S) दिनांक–09.05.2016 के आलोक में निविदादाता–मे० रमन इन्टरप्राईजेज, (प्रो०–रमन कुमार) मोहीदीनपुर हंसा, समस्तीपुर के तकनीकी बीड को मान्य करते हुए सफल निविदादाता के वित्तीय बीड को खोल कर निविदा समिति के समक्ष उपस्थापित करने हेतु अधीक्षण अभियंता, यांत्रिक, सिंचाई यांत्रिक अंचल, मुजफ्फरपुर को निदेशित किया गया।

| | | |
|---|---|---|
| Sd/- 3/6/2026<br>(आलोक कुमार शर्मा)<br>कार्यपालक अभियंता, यांत्रिक<br>सिंचाई यॉत्रिक प्रमंडल, समस्तीपुर | Sd/- 03/06/26<br>(जयंत)<br>कार्यपालक अभियंता, यांत्रिक<br>सिंचाई यॉत्रिक मोनिटरिंग एवं<br>डिस्पोजलप्रमंडल, पटना | Sd/- 3/6/26<br>(अभय कुमार चंदन)<br>अधीक्षण अभियंता, यांत्रिक<br>सिंचाई यॉत्रिक अंचल, मुजफ्फरपुर |
| | Sd/- 03/06/26<br>(निहारिका स्वराज)<br>अधीक्षण अभियंता, यॉत्रिक<br>रूपांकण एवं मोनिटरिंग<br>मुख्य अभियंता, यॉत्रिक कार्यालय | Sd/- 03/6/26<br>(शम्स परवेज)<br>मुख्य अभियंता, यांत्रिक<br>जल संसाधन विभाग, पटना |

ज्ञापांक– 1268 दिनांक– 3-6-2026

प्रतिलिपि–अधीक्षण अभियंता यॉत्रिक, सिंचाई यॉत्रिक अंचल, मुजफ्फरपुर को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित। तकनीकी बीड से संबंधित संचिका मूल में लौटाई जाती है।

अनु०–यथावत।

विश्वासभाजन

Sd/- 03/6/26

(शम्स परवेज)

मुख्य अभियन्ता, यॉत्रिक

Sd/- 03/06/26

ज्ञापांक 891 / मुजफ्फरपुर, दिनांक 04.6.26 /

प्रतिलिपि:- कार्यपालक अभियंता (यां०), सिंचाई यांत्रिक प्रमंडल समस्तीपुर को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित। निदेश दिया जाता है कि उक्त से संबंधित वित्तीय बीड डाउनलोड कर तुलनात्मक विवरणी संलग्न संचिका समर्पित करेंगे, ताकि अग्रेतर कार्रवाई किया जा सके।

Vardan
4/6/26

अधीक्षण अभियंता (यां०)
सिंचाई यांत्रिक अंचल मुजफ्फरपुर
04.6